# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–17 मई 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव के अन्तिम चरण के लिये दाखिल नामांकन पत्र वापस लेने की अन्तिम तारीख आज। जांच के बाद तेरह संसदीय सीटों पर वैध पाये गये एक सौ पचास प्रत्याशियों के पर्चे।
- पाचवें, छठवें और सातवें चरण के चुनाव को लेकर प्रचार अभियान तेज। एक दूसरे पर निशाना साधने में जुटे विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक।
- प्रदेश में दो दिवसीय दौरे पर आये भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आज तीन क्षेत्रों में चुनावी रैलियां। रायबरेली में कांग्रेस और सपा की संयुक्त रैली में मौजूद रहेंगी सोनिया गांधी।
- प्रदेश के अधिकतर जिले भीषण गर्मी की चपेट में। कानपुर में तापमान पैंतालीस डिग्री से ऊपर। मौसम विभाग ने दी आज कई जिलों में लू चलने की चेतावनी।

**********

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिये प्रदेश की 13 सीटों पर आज नामांकन पत्र वापस लेने की आखिरी तारीख है। नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण होते ही इन सीटों पर सभी प्रत्याशियों की स्थिति स्पष्ट हो जायेगी। नामांकन पत्रों की जांच के बाद इन सभी संसदीय क्षेत्रों में एक सौ पचास प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाये गये हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सातवें चरण की 13 सीटों के लिये 167 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हो गये हैं। इस चरण में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर, और राबर्ट्सगंज लोकसभा सीट समेत दुद्धी विधानसभा उपचुनाव के लिये एक जून को मतदान होगा।

**********

लोकसभा चुनाव के पांचवे, छठवें और सातवें चरण के लिए प्रचार तेज होता जा रहा है। विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता रैलियां और जनसभाएं कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल जौनपुर, आजमगढ़, भदोही और प्रतापगढ़ में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया। जौनपुर में श्री मोदी ने कहा कि पहले विकास दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े शहरों तक ही सीमित था लेकिन अब अयोध्या और काशी जैसे धार्मिक स्थलों पर भी बहुत विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो भी वादे करती है उसे पूरा भी करती है। सीएए मोदी की गारंटी का ज्वलंत उदाहरण है।

***मोदी की गारंटी का मतलब क्या होता है इसका ताजा उदाहरण सीएए कानून है और कल ही सीएए कानून के तहत शरणार्थियों को भारत की नागरिकता देने का काम शुरू हो गया। पहले लॉट को ऑलरेडी नागरिकता दी गई और ये वो लोग है जो शरणार्थी बनकर के लंबे अरसे से हमारे देश में रह रहे हैं। ये वो लोग हैं जो धर्म के आधार पर हुए भारत के बंटवारे का शिकार हुए थे।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस एक सिक्के के दो पहलू हैं, वे दोनों झूठ बोलते हैं और भाई–भतीजावाद और भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। श्री मोदी ने आजमगढ़ की जनसभा में कांग्रेस और सपा पर तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप भी लगाया।

प्रधानमंत्री उन निर्वाचन क्षेत्रों में रैली कर रहे हैं, जहां 5वें और 6वें चरण में मतदान होना है। वरिष्ठ भाजपा नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आजमगढ़ में पीएम मोदी के साथ मंच साझा किया और इसके अलावा कौशाम्बी तथा बांदा में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस का गठबंधन नकारात्मक सोच का प्रतीक है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि विश्व के राजनीतिक विश्लेषक भी मान रहे हैं कि एनडीए चार सौ से अधिक सीटें जीतने जा रही है।

उधर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कल रायबरेली में चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा पर महंगाई बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में लोगों की जिन्दगी में मुश्किलें बढ़ी हैं। महिलाएं और किसान महंगाई से परेशान है। वहीं युवा नौकरी के लिये भटकने को मजबूर हैं।

***सच्चाई ये है कि दस सालों में आपके जीवन में तरक्की नहीं आई है, महंगाई बढ़ चुकी है इतनी बढ़ चुकी है कि हर रोज आपके लिए समस्या होती है। आप दुकान जाती हो, कुछ खरीद नहीं पा रही हो इसी तरह इस तरह से खेती से कमाना मुश्किल हो गया है। खेती के हर सामान पर जीएसटी है ऊपर से पेट्रोल डीजल भी महंगा उपज का दाम भी नहीं मिलता तो किसानों के लिए मुश्किल है। आज 70 करोड़ लोग बेरोजगार है तो हर तरफ से परेशानियां आपके कंधों पर लादी हुई है।***

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कल बांदा, फतेहपुर और कौशाम्बी में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा की।

भाजपा की निंदा करते हुए श्री यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। पेपर लीक करा कर युवाओं के भविष्य को अंधकार में डाला गया है। युवा भाजपा को माफ नहीं करेंगे।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने भाजपा सरकार की मुफ्त राशन योजना पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि इससे गरीबों का स्थाई तौर पर भला नहीं होगा। उन्होंने भाजपा पर कांग्रेस की तरह जांच एंजसियों का गलत इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। साथ ही सपा मुखिया को आरक्षण का विरोधी बताया।

**********

लोकसभा चुनाव के बाकी बचे तीन चरणों के लिए प्रदेश में आज प्रमुख दलों के स्टार प्रचारकों की कई चुनावी रैलियां होनी हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज लगातार दूसरे दिन तीन रैलियों को संबोधित करेंगे तो वहीं रायबरेली में कांग्रेस और सपा की संयुक्त रैली में सोनिया गांधी मौजूद रहेंगी। आज की चुनाव प्रचार की गतिविधियों को लेकर पेश है हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट

***प्रधानमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र मोदी आज बाराबंकी, फतेहपुर और हमीरपुर संसदीय क्षेत्रों में रैलियों को संबोधित करेंगे। सियासी अखाड़े के दिग्गजों की भिड़ंत रायबरेली में होगी जहां केंद्रीय गृह मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह एक राजनीतिक रैली को संबोधित करेंगे। दिलचस्प बात यह है कि रैली के आयोजक मनोज पांडे हैं जो समाजवादी पार्टी से विधायक हैं। अटकलें लगाई जा रही हैं कि मनोज पांडे रैली में भाजपा की सदस्यता ले सकते हैं. वहीं पूरा गांधी परिवार भी आज रायबरेली में होगा जहां सोनिया गांधी, राहुल गांधी प्रियंका गांधी समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के साथ संयुक्त रूप से एक रैली को संबोधित करेंगे. अखिलेश यादव और राहुल गांधी अमेठी से स्मृति ईरानी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के पक्ष में भी प्रचार करेंगे. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बलरामपुर, बाराबंकी, लखनऊ और अयोध्या में चुनाव प्रचार करेंगे, जबकि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव बलरामपुर की गैंसडी विधानसभा सीट पर प्रचार करेंगे, जहां उपचुनाव होने हैं। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी कौशांबी जिले में अपना दल कमरावादी की अध्यक्ष पल्लवी पटेल के साथ रैली करेंगे.***

**********

उत्तराखंड में तीर्थयात्री बिना पंजीकरण के चारधाम यात्रा नहीं कर सकते। नाकों और अन्य स्थानों पर सख्ती से जांच की जाएगी और बिना पंजीकरण वाले यात्रियों को आगे नहीं जाने दिया जाएगा। राज्य की मुख्य सचिव, राधा रतूड़ी ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर सूचित किया है कि अपने–अपने राज्य के तीर्थयात्रियों को चार धाम यात्रा की पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में जागरूक करें।

**********

पर्यटन विभाग की तरफ से कल राजधानी लखनऊ में 17वें विश्व कृषि पर्यटन दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अपर मुख्य सचिव देवेश चतुर्वेदी ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने में कृषि पर्यटन बहुत बड़ा योगदान दे सकता है। हमारे देश में कृषि पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा कि पर्यटन विभाग प्रदेश में कृषि पर्यटन और ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से काम कर रहा है। पर्यटन विभाग ने राज्य के अट्ठारह मंडलों मे ग्रामीण पर्यटन विकास के लिए दो सौ उनतीस गांवों को चयनित किया है।

**********

प्रदेश के औद्योगिक विकास आयुक्त और नोएडा–ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह ने कल ग्रेटर नोएडा में चल रही **डी एम आई सी** परियोजनाओं की समीक्षा की तथा स्मार्ट टाउनशिप में शेष औद्योगिक भूखंडों का आवंटन शीघ्र करने के निर्देश दिए। इस स्मार्ट टाउनशिप में करीब 18 बड़ी कंपनियां निवेश कर रहीं हैं। चेयरमैन ने बोड़ाकी के पास प्रस्तावित मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।

**********

बीते दो दिन से प्रदेश के अधिकतर जिले भीषण गर्मी की चपेट में है। कल कानपुर प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा जहां दिन का तापमान पैंतालीस दशमलव एक डिग्री रिकॉर्ड किया गया। प्रदेश के अन्य जिलों में दोपहर का तापमान अड़तीस दशमलव छह डिग्री से चौवालीस दशमलव पांच डिग्री रहा। इस बीच मौसम विभाग ने आज प्रदेश के अधिकांश जिलों में प्रचंड धूप निकलने और लू चलने की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिनों तक अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी होगी।

**********